हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 मार्च 2024



04 कुबेरेश्वर धामः तय रेट पर सामग्री बेची जाए...


05 शुजालपुर कृषि उपज मंडी में हंगामा रुकी नीलामी...




## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक संपन्न

**बुधनी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा तथा सचिव मुकेश कुमार दांगी के निर्देशन में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. वैभव विकास शर्मा की मौजूदगी में विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।नेशनल लोक अदालत में लंबित लिटिगेशन प्रकरणों के ज्यादा से ज्यादा निपटारे में सहयोग,लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट के अंतर्गत निराकृत होने वाले प्रकरणों के निराकरण हेतु चर्चा की गई जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुणाल वर्मा,एसडीएम राधेश्याम बघेल, तहसीलदार सौरभ वर्मा, सीएमओ सतीश मालवीय,जनपद पंचायत सीईओ देवेश सराठे, अभिभाषक के अध्यक्ष कैलाश मालवीय, अधिवक्ता पवन विजयवर्गीय, निर्मला निगोटे,बीआर अहिरवार, शुभम शर्मा सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### शांति समिति की बैठक का आयोजन आज

**सीहोर।** आगामी त्योहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन 05 मार्च को किया गया है। आगामी त्योहार की श्रृखला में 08 मार्च को महाशिवरात्रि, 24 मार्च को होलिका दहन, 25 मार्च को होली उत्सव, 29 मार्च को गुड फ्रायडे, 30 मार्च को रंगपंचमी, 09 अप्रैल को गुडी पड़वा, चैत्र नवरात्रारम्भ, 10 अप्रैल को चेतीचांद, 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, वैशाखी, 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी, 21 अप्रैल को महावीर जयंती, 23 अप्रैल को हनुमान जयंती, 10 मई को परशुराम जयंती, 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा तथा 17 जून को ईदुज्जुहा आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के लिए 05 मार्च को सायं 4.00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है।

श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कुबेरेश्वर धाम: तय रेट पर सामग्री बेची जाए इसके लिए दल करेगा निगरानी

धाम से बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के लिए किराया निर्धारित, धाम में दस बिस्तरों का आईसीयू सेंटर और हेल्थ कैंप होंगे। आयोजित कथा की व्यवस्था के लिए जुटा प्रशासन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कुबेरेश्वर धाम में 7 मार्च से शिव महापुराण कथा प्रारंभ होने जा रही है। जिला प्रशासन कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और आवागमन सुगम बनाने के लिए व्यवस्थाओं में जुट गया है। लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, विद्युत विभाग, नगर पालिका तथा जनपद पंचायत सहित अनेक विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आवश्यक व्यवस्था के लिए द्रुत गति से तैयारी की जा रही हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि व्यवस्थाएं बेहतर हों, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा है कि जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे 5 मार्च को ही अपने ड्यूटी स्थान पर पहुंचकर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य को भली-भांति समझ लें। एसडीएम तन्मय मिश्रा ने बताया कि मुख्य मार्ग के आसपास खेतों को प्लेन कर पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। इन पार्किंग स्थलों पर वाहन उतारने के लिए जगह-जगह रैंप भी बनाए जा रहे हैं।

ताकि वाहन आसानी से मुख्य मार्ग से उतारे और चढ़ाये जा सकें। उन्होंने बताया कि खेत मालिकों से पार्किंग के लिए बैठक कर उन्हें पार्किंग शुल्क वाले रसीद कट्टे जनपद पंचायत की ओर से प्रदान किया जा रहे हैं। ताकि पार्किंग के लिए अवैध वसूली नहीं की जा सके। इसके साथ ही मुख्य मार्ग पर करीब पांच कट पाइंट बनाए जा रहे हैं, ताकि लेन चेंज कर श्रद्धालु आसानी से अपने वाहन पार्क कर कथा स्थल तक पहुंच सके।

### कुबेरेश्वर धाम परिसर में 10 बिस्तरों का आईसीयू होगा

कुबेरेश्वर धाम परिसर में 10 बिस्तरों का आईसीयू सेंटर बनाया जाएगा। जिसमें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा हेल्थ कैंप भी बनाए जा रहे हैं। इन हेल्थ कैंप में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जा रही है। एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

### चार खोया-पाया केंद्र बनेंगे

कुबेरेश्वर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के बिछड़ने की सूचना के प्रसारण के लिए चार खोया पाया केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन केंद्रों में 24 घंटे के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

**जगह-जगह पीने का पानी उपलब्ध रहेगा :** श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए जगह-जगह पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को पानी के लिए अधिक दूर चलकर नहीं जाना पड़े । पेयजल आपूर्ति के लिए पंचायत से पर्याप्त संख्या में टैंकर लगाए जाएंगे इसके अलावा सांची दुग्ध संघ से भी टैंकर बुलाए जा रहे हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की विभाग द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

**आवश्यक सूचनाओं के बोर्ड और फ्लेक्स लगाए जाएंगे :** कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग से लेकर कथा स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो इसके लिए जगह-जगह आवश्यक सूचना वाले फ्लेक्स और बोर्ड लगाए जाएंगे । इंदौर, भोपाल जाने वाले वाहनों के लिए मुख्य मार्ग पर डायवर्सन के फ्लेक्स लगाए जाएंगे।

**अवैध वसूली रोकने के लिए दल :** कुबेरेश्वर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं से किसी तरह की कोई अवैध वसूली न की जाए इसके लिए खुफिया दल पूरे परिसर में घूम-घूम कर यह देखेगा कि कहीं कोई दुकानदार किसी सामग्री का निर्धारित मूल्य से अधिक तो नहीं ले रहा है या पार्किंग स्थल पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल तो नहीं की जा रही है, अगर ऐसा करते पाया जाएगा तो संबंधित दुकानदार अथवा व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कुबेरेश्वर धाम से बस स्टैंड और स्टेशन के लिए किराया निर्धारित

कुबेरेश्वर धाम से बस स्टैंड तथा स्टेशन जाने के लिए यात्री वाहनों का किराया निर्धारित किया जाएगा ताकि कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूल नहीं किया जा सके । इसके साथ ही अधिक किराया वसूलने पर इसकी शिकायत जिला परिवहन अधिकारी द्वारा दिए गए नंबर पर की जा सकती है । पार्किंग शुल्क और अधिक किराया वसूल करने पर जिला परिवहन कार्यालय के मोबाइल नंबर 9479925182 पर शिकायत की जा सकेगी । इसके साथ ही कोई भी वाहन चालक नशा कर वाहन न चलाएं इसके लिए चेकिंग भी की जाएगी।

### हेलीपैड और मार्ग व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल के समीप हेलीपैड बनाया जा रहा है, ताकि अति विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के समय किसी तरह का कोई व्यवधान न हो। इसके लिए दो वैकल्पिक मार्ग भी बनाए गए हैं। इससे मुख्य मार्ग से श्रद्धालुओं का आवागमन सुगमता से पूरे समय चलता रहेगा।

## विधायक सुदेश राय ने प्रदान किए श्रवण यंत्र



**सीहोर।** जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जन्म दोष पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर 60 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें 20 बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय द्वारा 10 व्यक्तियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए । यह श्रवण यंत्र सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं ।

इस अवसर पर विधायक श्री राय ने कहा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र के माध्यम से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है । प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुविधाजनक और आमजनों के लिए आसान बनाने का कार्य किए जा रहे है ।

जिला चिकित्सालय के अतिरिक्त सह कार्यक्रम समस्त सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त पीएचसी एवं ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर भी आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ.प्रवीर गुप्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.सुधीर श्रीवास्तव द्वारा जन्म दोषों के बारे में बचाव एवं इलाज संबंधित जानकारी दी गई ।

### किसान अब 6 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन करने के लिये पंजीयन की अवधि एक मार्च तक निर्धारित की गई थी। जिसे अब 6 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गयी है। प्रदेश के गेहूँ उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न विक्रय का अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिये किसान पंजीयन की अवधि अब 6 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गयी है।

**सूचना**

मेरे पक्षकार श्याम लाल वर्मा (Shyam lal varma) आत्मज शादी लाल वर्मा, जिनकी जन्म तारीख 01/01/1957 है।
ग्राम लसूड़िया परिहार (पधार) तह० व जिला सीहोर म०प्र० पिन नं. 466001 (Gram Lasudiya Parihar Sehore (padhar) M.P. Pin Number 466001 हैं। सभी शासकीय दस्तावेजों में यही उल्लेखित है, व सत्य है। व इसी नाम व पतें के द्वारा जाने पहचानें जाते है। आमजन के सूचित हो।

**प्रदीप राठौर, एडवोकेट, ऑफिस सांईनाथ मंदिर रोड चाणक्यपुरी सीहोर मो. 7987510175, 9826239221**

**सूचना**

मेरी पक्षकार हेमलता पत्नि अनिल (Hemlata w/o Anil) है, जिनकी जन्म तारीख 18/03/1982 है। ग्राम लसूड़िया परिहार (पधार) तह० व जिला सीहोर म०प्र० पिन नं. 466001 ( Gram Lasudiya Parihar Sehore (padhar) M.P. Pin Number 466001 हैं। सभी शासकीय में भी दस्तावेज यही उल्लेख है व यही सत्य है। यह उनके आधार कार्ड में उल्लेखित व सत्य है।
2. हेमलता पुत्री सीता राम (Hemlata D/o Sita Ram) हैं, जिनकी जन्म तारीख 18/03/1982 है। यह उनके पेन कार्ड में उल्लेखित व सत्य है। सभी शासकीय दस्तावेजों में यही उल्लेखित है, व सत्य है। व इसी नाम व पतें के द्वारा जानी पहचानी जाती है। आमजन के सूचित हो।

**प्रदीप राठौर, एडवोकेट, ऑफिस सांईनाथ मंदिर रोड चाणक्यपुरी सीहोर मो. 7987510175, 9826239221**



### श्रमिक और व्यापारियों के बीच नहीं बन सकी सहमति

# शुजालपुर कृषि उपज मंडी में हंगामा रुकी नीलामी, किसान रहे परेशान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

सोमवार को एक बार फिर अचानक बिना सूचना कृषि उपज मंडी में काम बंद होने से किसान परेशान होते रहे किसानों ने जब मंडी सचिव को तकलीफ बताना चाही, तो वह गैर जिम्मेदाराना तरीके से किसानों से बात करते नजर आए। 50 किलो बारदान में उपज भरवाने के नियम को लागू कराने व्यापारियों और हम्मालों में सहमति नहीं बनने से कृषि उपज मंडी में हंगामा जारी है। काम बंद होने से सैकड़ों किसान अपनी उपज की ई प्रवेश पर्ची कटने के बाद भी तौल, नीलामी कार्य नहीं होने से परेशान हो रहे है।शुजालपुर कृषि उपज मंडी में काम करने वाले श्रमिक हम्माल संघ ने दो दिन पहले कृषि उपज मंडी प्रशासन को पत्र दिया था। इस पत्र में चेतावनी दी गई थी कि मप्र शासन के आदेश के अनुसार 50 किलो बारदान में उपज की भर्ती कराने के आदेश को लागू करते हुए श्रमिकों से 50 किलो से अधिक वजन नहीं उठवाया जाए।

लिखित चेतावनी के बाद भी मंडी प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया और सोमवार को श्रमिकों ने 50 किलो से ज्यादा वजन के बोरों में उपज भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद व्यापारी और श्रमिक आमने-सामने हो गए। व्यापारी 50 किलो बोरा भर्ती के नियम को तत्काल लागू करने के पक्ष में नहीं है, जबकि श्रमिक इसे तत्काल लागू करना चाहते हैं।



**किसान हुए परेशान :** भोपाल से आए किशन रवि पाटीदार ने बताया कि मंडी में आए आसपास के सैकड़ों किसानों ने कई घंटे इंतजार के बाद सचिव शिव नारायण राजपूत को अपनी तकलीफ बताकर बिना सूचना मंडी बंद होने का कारण पूछा। इस पर मंडी सचिव ने उन्हें गैर जिम्मेदार तरीके से जवाब दिया। मंडी सचिव किसानों को समझाइश देने की जगह कहते नजर आए, आप मुझे मार दो।

### समझाइश देने पहुंचे अफसर

कृषि उपज मंडी परिसर में तहसीलदार आरएस परमार ने पहुंचकर व्यापारियों और श्रमिकों के साथ ही किसानों से चर्चा की और मामले का निराकरण करने का प्रयास किया। बीते सप्ताह भी हम्माल श्रमिक संघ ने अपनी मांग को लेकर हंगामा किया था, जिस पर शुजालपुर एसडीएम अर्चना कुमारी की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर महेंद्र किरार ने पहुंचकर मध्यस्थता करते हुए जल्द इस मामले का स्थायी निराकरण करवाने का आश्वासन दिया था और मंडी चालू कराई थी। भारतीय किसान संघ ने जताई नाराजगी मंडी में की तालाबंदी अनिश्चितकाल के लिए मंडी बंद नाराजगी व्यापारी और हम्मालों के बीच विवाद से विवाद से किसान नहीं बेच पा रहे अपनी फसल भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष चंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि कृषि उपज मंडी शुजालपुर मे विगत कई दिनों से व्यापारी और हम्मालो के बीच वाद विवाद की स्थिति बनी हुई है हम्माल 50 किलो और व्यापारी 90 किलों की भर्ती पर उपज तौलने पर अड़े हुए है इस विषय को लेकर दोनों पक्षों द्वारा बार-बार मंडी बंद की जा रही है आज दिनांक 4/3/2024 को व्यापारी और हम्माल संघ के बीच उसी तोल कार्य को लेकर विवाद की स्थिति के कारण मंडी का घोष विक्रय बंद कर दिया गया इसकी सूचना पूर्व मे किसानों को नही दी गई लगभग 200 किसान ट्रैक्टर मे अपनी उपज लेकर आए और बिना मंडी कराए वापस चलें गए प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार थाना प्रभारी और मंडी सचिव मौके पर आए और समझाइश देने पर भी दोनों पक्ष जिद पर अड़े रहे मंडी को पुनः चालू नहीं किया गया और किसानों को वापस जाना पड़ा किसानों की समस्या को भारतीय किसान संघ ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और अपना पक्ष लिखित में एस डी एम महोदय के नाम तहसीलदार को देते हुए मंडी मे ताला बंदी की और अनिश्चित काल के लिए मंडी बंद कर दी गई जिसमें भारतीय किसान संघ ने यह मांग रखी कि जब तक किसानों की उपज को बड़े तोल कांटे पर नहीं तोला जाएगा तब तक मंडी अनिश्चित काल के लिए बंद रहेगी।


### हम्माल बोले- व्यापारियों के दबाव में नियम लागू नहीं कर रही मंडी

उधर श्रमजीवी हमाल संगठन के अध्यक्ष सुनील सेन सहित अन्य ने मंडी प्रशासन पर व्यापारियों के दबाव में काम करने और शासन के 50 किलो बोरा भर्ती नियम को जानबूझकर लागू न करने का आरोप लगाया। श्रमिकों ने कहा कि हम किसानों को असुविधा नहीं देना चाहते। शासन के आदेश के अनुसार 50 किलो बोरा भर्ती नियम के तहत काम करना चाहते हैं, क्योंकि कई श्रमिक शारीरिक रूप से कमजोर और उम्र अधिक होने से अधिक वजन नहीं उठा पाते है।व्यापारी बोले- नए नियम से समय, लागत में वृद्धि होगी। इस बारे में अनाज व्यापारी संघ के संजय अग्रवाल ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के किसी भी कृषि उपज मंडी परिसर में 50 किलो बोरा भर्ती का नियम लागू नहीं है। शुजालपुर के ही श्रमिक अन्य मंडियों में जाकर 90 किलो बोरा भर्ती मे उपज उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 50 किलो बोरा भर्ती का नियम लागू हुआ तो व्यापारियों को मंडी परिसर में आवंटित भूखंड की जगह काम करने के लिए कम पड़ेगी। काम की लागत बढ़ने से किसान को सही दाम नहीं मिल सकेगा और काम करने में समय दुगना लगेगा।

---

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

# कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सहित अनेक भाजपा में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे जन अभियान और जनहितेषी योजनाओं से प्रेरित होकर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के समक्ष सांसद रोडमल नागर के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्य और उनकी राष्ट्रवादी सोच और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा देश हित में चलाए जा रहे विभिन्न कार्य जिनसे विश्व में भारत की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र नागर, पूर्व सरपंच हेमराज सिंह नागर शिवनारायण नागर सेठ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में शामिल किए जाने पर कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री मध्य प्रदेश शासन गौतम टेटवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश बैस, घनश्याम नागर, गिरवर भंडारी, जगदीश नागर,सरपंच कुलदीप नागर, बिट्ठल नागर, समाजसेवी अजय विजयवर्गीय, दुर्गेश नागर, कैलाश नागर जनपद उपाध्यक्ष द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी।

### विद्युत बिल से संबंधित शिकायतों का निराकरण शिविर आज

ब्यावरा - अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरसिंहगढ़ अंशुमन राज द्वारा बताया गया कि विद्युत बिल से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय नरसिंहगढ़ में 04 मार्च को प्रातः 11 बजे से एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्युत संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायतों की सुनवाई एवं निराकरण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष निराकरण किया जाएगा।

---

### माता बीजासन की पूजा-अर्चना और अभिषेक किया

# तीसरी बार सांसद उम्मीदवार घोषित होने पर माता बीजासन धाम पहुंचे सांसद नागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से टिकट मिलने पर प्रसिद्ध देवी शक्ति धाम भैंसवा माता बिजासन धाम पहुंचकर सांसद रोडमल नागर द्वारा माता बिजासन की पूजा अर्चनाकर अभिषेक आरती की गई। इस अवसर पर सांसद नागर के साथ सेकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर,नलखेड़ा नपा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम राठौर, सरपंच कुलदीप नागर,मौजूद रहे । वही क्षेत्र के सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने माता के धाम पहुँच कर सांसद नागर को बाधाई दी । पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर सांसद नागर ने कहा की यह सिम्बल पार्टी का है और पार्टी ने कार्यकर्ताओ के समर्पित भाव पर मुझे यह अवसर दिया है। में व्यक्तिगत कुछ नहीं हुँ पिछले दो चुनाव में भी पार्टी का सिम्बल और पार्टी चुनाव जीती थी।

### सांसद नागर को तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न



सारंगपुर। राजगढ़ लोकसभा सांसदीय क्षेत्र से सांसद रोडमल नागर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर एबी रोड पर स्थित राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल विधायक कार्यालय सेवा सदन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के नेतृत्व में सेवा सदन कार्यालय पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान कमलेश टेटवाल,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राहुल पुष्पद,आकाश सूर्यवंशी,इफ्तिखार अंसारी,योगेश माहेश्वरी,आकाश शर्मा,कुलदीप टेटवाल,ईशान मंगल,प्रेम लववंशी,मोहित हाड़ा,संतोष धनगर,शुभम दावरे,राहुल इन्दौरे सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### भाजपा ने मुख्यालय पर आयोजित की प्रेसवार्ता

# संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटी व मिस्ड कॉल नंबर किया लांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा ने पीएम की गारंटी अभियान के तहत जनता से सुझाव आमंत्रित किए हैं जो लोकसभा चुनाव संबंधी पार्टी के मेनीफेस्टो में शामिल होंगे। इनका उद्धेष्य आमजनता की महत्वपूर्ण राय लेकर सुसासन स्थापना के लिए चल रहे प्रयासों की कड़ी में नए कदम बढ़ाना है। इसके साथ ही पार्टी दो प्रचार रथ भी जिले में चला रही है जिनके जरिए जिले के ग्रामों, कस्बों, शहरों में पहुंचकर आमजनों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने रविवार दोपहर संस्कृति होटल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान एक मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 भी लांच किया गया जिस पर आमजन पार्टी को अपने सुझाव दे सकते हैं। इस अवसर पर सांसद रोड़मल नागर, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना अनुसार प्रदेष की जनता की राय जानने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

---

# महाशिवरात्रि मेलाः झंडावंदन पूजन के साथ नपा ने की पारंपरिक मेले की शुरूआत



**नरसिंहगढ़** -शहर में पारंपरिक रूप से लगने वाले महाशिवरात्रि मेले की रविवार को नपा ने झंडावंदन, पूजन के साथ शुरूआत की। इस मौके पर विधिवत रूप से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। झंडावंदन के बाद नपा जनप्रतिनिधियों ने भ्रमण कर मेले की व्यवस्थाऐं देखी। इसके पूर्व मेले में लगने वाली दुकानो , झूला संचालको को चिंहित कर जगह का आवंटन किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज महावर, पार्षद संतोष सोनी ,अंकित साहू, दीपक शर्मा, इक्कू भाई, अतीक अहमद सहित नपा कर्मचारी मौजूद थे।

### 15 दिनों तक चलेगा मेला

रियासत के दौर से शहर में संचालित महाशिवरात्रि मेला 15 दिनो तक लगेगा। हालांकि इस पशु मेले में अब बहुत कम लोग अपने पशु लेकर आते है। जबकि दो दशक पहले तक पशु मेला धूमधाम से भराता था। जो एक महीने तक चलता था। लेकिन धीरे-धीरे पशुधन की कमी के कारण यह मेला अब सिमटकर रह गया है। मेले की तमाम व्यवस्थाऐं नपा के जिम्मे है।

---

# जनसंवाद एवं जन सहयोग से ही लगेगी आपराधिक गतिविधियों पर लगामः एसडीओपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशानुसार रविवार को स्थानीय थाना परिसर में पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस व आमजन का सीधा संवाद हुआ। जन संवाद के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा नगर व संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा से संबंधित जानकारियां, दी पुलिस प्रशासन की और से जनसंवाद आयोजन में शहर की विभिन्न प्रकार की जानकारियां ली गई तथा बताया कि कोई भी समस्या हो सीधे हमसे संपर्क करें ताकि उसे समस्या का तत्वार्थ निराकरण हो सके एवं नगर में शांति एवं सौहार्द का माहौल कायम रहे । पुलिस की कार्यप्रणाली पर अगर कोई चर्चा हो तो वह भी सीधे बताएं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं मीडिया तथा आम लोगों के मध्य वन-टू-वन चर्चा हुई। इस दौरान एसडीओपी अरविंद सिंह,थाना प्रभारी संतोषसिंह वाघेला ने कहा कि। जनसंवाद के माध्यम से वर्तमान में नगर व क्षेत्र में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है। इसके अतिरिक्त यदि आमजन पुलिस से कोई अपेक्षा रखते हैं तो उस पर पुलिस खरी उतर रही हैं या नहीं। आम लोगों के प्रति पुलिस का व्यवहार कैसा है और यदि कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता हैं तो इसके लिए जनसंवाद उचित माध्यम हो सकता है वन-टू-वन चर्चा में एसआई रमेश जाट ने यातायात नियमो के बारे मे जानकारी देते हुए ट्रैफिक रूल्स पर प्रकाश डालते हुए कहा की वाहन चलाते समय किन- किन बातों को ध्यान रखा जाए।

---

# झंडवा में भक्ति-भाव से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय की सीमा से लगे झंडवा कस्बे मे रविवार को जैन विमानोत्सव का आयोजन किया गया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन भूतनाथ ऋषभदेव जिन मंदिर पर कार्यक्रमो की शुरूआत भगवान के महामस्तिकाभिषेक के साथ की गई।

इस एक दिवसीय विमानोत्सव कार्यक्रम मे अशोकनगर, राजपुर, सिरोज आदि स्थानो से श्रृदालुजन शामिल हुए। सुबह 9:30 बजे अभिषेक का आयोजन किया गया। दोपहर 12:30 बजे भगवान की भव्य शोभायात्रा गाव की गलियो से निकाली गई। इस दौरान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अरूण जैन लडडू, महामंत्री राजीव जैन, कार्यकारी अध्यक्ष सजय सिघई, कोषाध्यक्ष बाबूलाल जैन और मंत्री सुनील क्रॉकरी के साथ उपाध्यक्ष विकास रिंकू नीरज रतलामी,सतीष जैन, महावीर जैन, निमेष जैन, मनोज बजाज, सुनील मंगलद्वीप आदि शामिल थे। श्रृद्वालुओ को लाने ले जाने के लिए अशोकनगर से बस सेवा उपलब्ध कराई गई थी। विमानोत्सव के बाद श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया गया। इस दौरान फूलमाल और ज्ञानमाल के आयोजन हुए।

---

### खिलचीपुर में पुलिस जन संवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न



**खिलचीपुर** - मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश व पुलिस मुख्यालय के आदेश पर खिलचीपुर पुलिस थाना का जन संवाद कार्यक्रम रविवार को मेड़तवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया, कार्यक्रम में विधायक पुत्र बापू लाल दांगी ने मंच से ही पुलिस की पोल पट्टी खोलते हुये कहा नगर में चोरियां हो रही है ओर पुलिस चोरों को पकड़ नहीं पा रही है वही खुलेआम सट्टे का कारोबार चल रहा है गांजा, स्मैक भी नगर में जोर -शोर से बिक रही है पुलिस लगाम लगाने में असफल है। ऐसा कब तक चलेगा पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं करती जबकि पुलिस को सब पता है नगर में कहां क्या हो रहा है पुलिस तो निर्दोष लोगों पर बिना जांच किये थ्प्द करने में लगी है एसा नहीं चलेगा । विधायक पुत्र बापू लाल दांगी के कथन पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने कार्यवाही कर दोषियों को पकड़ने की बात कही ।

---

### सामाजिक पुलिसिंग के लिए आयोजित किया गया संवाद कार्यक्रम

# जनता और पुलिस के बीच न हो संवादहीनताः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस और वर्दी के प्रति आमजनों का भाव या मानसिकता शुरू से एक डर वाली रही है। पुलिस डर के लिए नहीं बल्कि आमजनों को सुरक्षा एवं सहयोग प्रदान करने के लिए बनी है। आमजनों और पुलिस के बीच यदि मैत्री जैसा भाव निर्मित हो जाए तो कई जाने-अनजाने अपराधों में न केवल कमी आएगी बल्कि हम एक आदर्ष समाज का निर्माण कर पाएंगे।

उक्त बात रविवार दोपहर राजबाग गार्डन में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित पुलिस जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी श्री धर्मराज मीणा ने कही। उन्होंने कहा कि अगर आप पूरी तरह यातायात नियमों का पालन करते हुए यात्रा कर रहे हैं तो फिर आपको पुलिस से डरने की कोई जरूरत नहीं। दुर्घटनाओं के मामलों को रोकने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए हम थोड़ी सख्ती किया करते हैं जो जरूरी भी है। लेकिन निरपराध, निर्दोष व्यक्तियों को बगैर किसी डर के पुलिस का सहयोग करते हुए विवेचना में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ अपराधों में भी ईजाफा होता है लेकिन राजगढ़ जिले के पिछले सालों में दर्ज अपराधों पर नजर डालें तो उनमें कमी आई है।




### सामूहिक प्रयासों से कम हो रहे हैं अपराध

एसपी ने कहा कि सामुहिक प्रयासों से हम अपराधों के ग्राफ में और कमी ला सकते हैं। उसके लिए जरूरत है कि लोग अपनी, परिवार की, समाज की जिम्मेदारियों को समझें। संवाद कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, बार एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष अविनाष दषेहरिया, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, युमो जिलाध्यक्ष केपी पंवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बार एसोसिएषन सचिव आलोक श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस-प्रशासन व जनता के बीच जनसंवाद

'लखनवास।' मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना मलावर प्रांगण मे आज पुलिस जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मलावर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। क्षेत्र के लोगो ने पुलिस की कार्यवाही की तारीफ की और क्षेत्र की बेहतरी के लिए कुछ सुझाव दिए। जिन्हे जल्द पूर्ण करने का मलावर पुलिस द्वारा आस्वाशन दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी द्वारा जनता को बाल विवाह रोकने, झगड़ा नातरा प्रथा को समाज से खत्म करने व यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

---

### पंद्रह घायल, पांच को जिला अस्पताल किया रेफर

# फसल काटकर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्राली पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार शाम बहादुरपुर क्षेत्र के मलऊखेड़ी गांव में मजदूरों से भरी एक ट्राली पलट गई, जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे। ट्राली पलटने से पंद्रह मजदूर घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर से जिला अस्पताल अशोकनगर रिफर किया गया है।

बताया गया है कि ग्राम बरखेड़ा जमाल के करीब दो दर्जन मजदूर फसल कटाई के लिए मलऊखेड़ी गांव गए हुए थे। फसल काटने के बाद शाम को जब वह वापिस लौट रहे थे तो मलऊ खेड़ी से ओंडेर के बीच में ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया। जिससे पीछे लगी ट्राली पलट गई और उसमें बैठे पंद्रह मजदूर ट्राली के नीचे दब गए। शेष बचे मजदूरों ने ट्राली को सीधा कर उन्हें बाहर निकाला और आपातकालीन वाहन 108 को सूचित किया। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक थी। दस घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि गंभीर घायल गीता बाई पत्नी मेहरबान उम्र 60 वर्ष, रोशनी पुत्री अशोक उम्र 16 वर्ष, छोटी बाई उम्र 55 वर्ष, माया बाई पत्नी बलराम उम्र 42 वर्ष एवं मुन्नी बाई पत्नी तोरण सिंह उम्र 60 वर्ष को जिला अस्पताल भेजा गया था।



**खबर संक्षेप**

## वीआईटी विश्विद्यालय के ऋषभ और खुशी शिविर में करेंगे नेतृत्व




**सीहोर।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय कोटरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र रिषभ काबरा, बीटेक तृतीय वर्ष और खुशी देसाई, बीटेक द्वितीय वर्ष राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित हुए हैं। यह शिविर बरखतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की संघटन व्यवस्था में प्रज्ञा सागर महाविद्यालय पाचोर, जिला राजगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर एनएसएस में उनके योगदान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मौका प्रदान करेगा और उन्हें राज्य स्तर पर नेतृत्व कौशल को सीखने का अवसर देगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सेंथिल कुमार आरुमुगम, रजिस्ट्रार डॉ. देबाशीष अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. अभा गुप्ता व राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुस्कार से सम्मानित घनश्याम बामनिया व वरिष्ठ स्वंय सेवक आशीष मेवाड़ा ने छात्रों के चयन पर हर्ष जताया।

## कृषि उपज मंडी में हो रही बंपर आवक


**भैरूंदा।** कृषि उपज मण्डी समिति भैरूंदा में गेहू और चना सहित अन्य जिन्सो की अधिक मात्रा में आवक हो रही है। जिससे मंडी के शेड भरने के बाद ट्रालियो की लाइन रोड पर लग रही है। जिससे आमजन को आने जाने में असुविधा उत्पन हो रही है। आमजन को असुविधा उत्पन ना हो इस लिए कृषि उपज मण्डी समिति के शेड भर जाने के बाद जो भी ट्राली आती है उनको मोती विहार कालोनी इन्दोर रोड सीहोर नाका भैरूंदा में टोकन देकर खडी करवाया जावेगा। सभी किसान मण्डी प्रांगण के शेड भर जाने पर खड़ी करेंगे।

### युवा डॉक्टरों की मेहनत से सिविल अस्पताल की बदल रही छवि

# डॉक्टरों की टीम ने सफल ऑपरेशन कर बच्चे के सिर से 250 से ज्यादा कीड़े निकाले

सिविल अस्पताल के तीन डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई बच्चे की जान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिले में जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या में मामले में सबसे बड़ी आष्टा विधानसभा का एक मात्र सरकारी अस्पताल कहने को विशालकाय बिल्डिंग के रुप में बना है लेकिन यह की लचर स्वास्थ्य सेवाएं जगजाहिर है वहीं विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से लेकर जरूरी संसाधनों को उपलब्ध न होने के कारण आए दिन सड़कों पर होती वाहन दुर्घटना में घायल या छोटी सी छोटी बीमारी से ग्रसित मरीजों को सीहोर या भोपाल रेफर कर दिया जाता है जिसके चलते सिविल अस्पताल की इस रेफर प्रणाली के चलते धीरे धीरे आम जनता का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर से भरोसा उठता जा रहा था और सिविल अस्पताल को तो लोगो ने रेफर अस्पताल तक कहना शुरु कर दिया था।

### प्राइवेट अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों से हो रही खुली लूट

समय पर इलाज न होना, विशेषग डॉक्टरों का पैनल न होना ऊपर से छोटी सी छोटी बीमारी के मरीज को सीहोर या भोपाल रेफर कर देने से सिविल अस्पताल की छवि आम जनमानस में दिन ब दिन खराब होती जा रही थी !ऐसे में अब शहर के लोग प्राइवेट हॉस्पिटल की और रुख करने लग गए थे! लिहाजा सरकारी अस्पताल की बिगड़ती छवि के कारण बीते कुछ वर्षों में प्राइवेट अस्पताल भी कुकुरमुत्तों की तरह खुल गए और एक तरह से महज बीते कुछ वर्षों में ही प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई जिनमे ना विशेसग डॉक्टर है और स्वास्थ्य सेवाओं के मापदंड से यह संचालित हों रहें है बस इलाज के नाम पर मोटी वसूली कर मरीजों को लूटने का अड्डा बना दिया! और इसका उदारण वैश्विक महामारी कोरोना में देखने को मिला जहां प्राइवेट अस्पताल के संचालकों ने कोरोना जैसी महामारी में भी मरीजों को इलाज के नाम पर लूटकर जमकर व्यापार किया! और इलाज के अभाव में या लापरवाही के चलते कई परिवारों ने अपने सदस्यों को खो दिया।

### 10 वर्षीय मासूम के सिर का ऑपरेशन कर निकाले 250 से ज्यादा कीड़े

आष्टा में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रुप में वर्षों से पदस्थ डॉक्टर जीडी सोनी को बीते कुछ दिनो पूर्व ही इनके लंबे अनुभव को देखते हुए आष्टा विकासखंड का चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ)बनाया है लिहाजा एक तरफ युवा डॉक्टरों की टीम और एक तरफ लंबे समय से पदस्थ डॉक्टर जीडी सोनी का अनुभव से जटिल बीमारियों का इलाज और ऑपरेशन भी सिविल अस्पताल में शुरू हो चुका है ! ताजा मामला सोमवार को शासकीय सिविल अस्पताल में वर्षो बाद वर्तमान बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी के मार्गदर्शन में युवा डॉक्टरों की टीम डॉक्टर गंभीर पटेल और डॉक्टर भूपेंद्र परमार, डॉक्टर चित्रा सोनी की मेहनत और प्रयासों से आष्टा के ग्रामीण इलाके के एक 10 वर्षीय बालक के सर का सफल ऑपरेशन कर लगभग 250 से ज्यादा कीड़ों को बाहर निकालकर मासूम बच्चे की जान बचाई। लाजमी है आष्टा के सिविल अस्पताल में इस तरह से एकाएक आया बड़ा परिवर्तन बहुत सुखद हैं। वहीं अब युवा चिकित्सकों की टीम के इस सराहनीय कार्य से आष्टा के नागरिकों में सरकारी अस्पताल के इन युवा डॉक्टरों के प्रति सम्मान और बड़ा है उनकी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ की जा रही है और मरीजों का दिल जीत कर दुआएं भी ले रहे हैं।



**टीम ने जगाई उम्मीद की किरण**





बीते कुछ माह में आष्टा के सरकारी अस्पताल में तीन नए युवा डॉक्टरों की पदस्थापना हुई और अब इन युवा डॉक्टरों ने अपनी मेहनत और युवा सोच से आष्टा के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की बिगड़ी छवि को सुधारने का बीड़ा उठाया है और अपनी मेहनत और सार्थक प्रयासों से गरीब और जरूरतमंद आमजन मानस में सरकारी अस्पताल पर भरोसा कर उम्मीद की किरण जगाई है गौरतलब हे की बीते कुछ माह में आष्टा के सिविल अस्पताल में डॉक्टर गंभीर पटेल (एमबीबीएस एमडी सर्जन) और डॉक्टर भूपेंद्र परमार( एमबीबीएस एमएस सर्जन) वही डॉक्टर चित्रा सोनी एमबीबीएस डीसीएच शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ हुई है और अब यह तीनो डॉक्टरों की मेहनत रंग ला रही है मरीजों को रेफर ना कर यही इलाज करने का प्रयास कर रहें है। जिससे आष्टा विधानसभा की जनता को इन नए तीन युवा डॉक्टरों में एक उम्मीद किरण दिखाई दे रही है।

### कई सालों बाद शुरू हुआ ऑपरेशन थियेटर

आपको बता दे की जिस तरह डॉक्टर गंभीर पटेल और डॉक्टर भूपेंद्र परमार ,डॉक्टर चित्रा सोनी ने एक बच्चे का इलाज कर सिर में से 250 से ज्यादा कीड़ों को बाहर निकाल कर जान बचाई, वाकई में यह सराहनीय कदम है। विदित रहे कि सिविल अस्पताल में की वर्षा पश्चात ऑपरेशन थियेटर चालू हुआ है और गरीबों को मुफ्त में उपचार मिल रहा है। डॉ भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने अनेक ऑपरेशन करके नागरिकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। सिविल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।निश्चित इस सिविल अस्पताल में डॉक्टर एच एल दलोद्रिया के पश्चात मरीजों में चिकित्सकों ने अपना विशेष स्थान बनाया है। नगर की जनता सहित मरीज के परिजनों ने आष्टा सिविल अस्पताल के डॉक्टरों की टीम के इस कार्य की खूब सराहना की है।

# पुराने भवन से नए भवन में शिफ्ट होगा थाना

**:पुलिस कर्मियों को मिलेगी सुविधा**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कन्नौद रोड पर नया थाना भवन बनकर तैयार हो गया है नया थाना भवन पुराना थाना भवन के पास ही बनाया गया है और सर्व सुविधा युक्त बनाया गया है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो 15 से 20 दिन के अंदर आष्टा थाना परिसर में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बने नए भवन का शुभारंभ होते ही उसमें पुराने भवन से थाना शिफ्ट हो जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। आष्टा में एमपी पुलिस हाउसिंग बोर्ड ने कुछ समय पहले थाने का नया भवन बनाने की स्वीकृति दी थी। 21 अगस्त 2021 से इसके काम की शुरुआत हुई।

नए भवन के दायरे में हाईटेंशन लाइन, बिजली खंभे आने से इनको शिफ्ट किया गया। इसके चलते काम प्रभावित हुआ। यही वजह है कि अब जाकर भवन पूरी तरह से बनकर तैयार हुआ है। आष्टा थाने के नए भवन को बनाने में जुड़ाई में भोपाल से बुलाई सीमेंटेड ईंट का उपयोग हुआ है। नई बिल्डिंग में महिला और पुरूष बैराक के साथ रेस्ट रूम, प्रोजेक्टर के साथ कॉन्फ्रेंस हॉल, महिला डेस्क कक्ष, वीआइपी की इंट्री के लिए अलग से जगह, निशक्तजन के लिए चढ़ने व उतरने रैंप, शहर की निगरानी करने कंट्रोल रूम रहेगा। नया भवन का निर्माण आठ हजार स्कावयर फीट जगह में हुआ है।

अभी पुराना थाना वर्ष 1988 में बनी बिल्डिंग में चल रहा है। पुराने भवन में पुलिसकर्मी, पीड़ितों की संख्या के आगे जगह की कमी होने से समस्या आती है। पुराने भवन से थाने के नए भवन में शिफ्ट होते ही समस्या खत्म हो जाएगी। दूसरे थाने के रूप में आष्टा को छह साल पहले पार्वती थाने की सौगात मिली थी। थाने की शुरुआत तो हुई लेकिन उसे स्वयं का भवन नहीं मिला।

यह थाना चालू होने के बाद से आज तक किराए के भवन में चल रहा है। किराए के भवन में जगह और अन्य सुविधा का अभाव होने से पुलिसकर्मी और शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों को परेशानी होती है। अभी यह थाना पुराने भोपाल-इंदौर हाइवे पर इंदौर नाका और मालीपुरा जोड़ के बीच संचालित हो रहा है। थाने के लिए बाइपास दुपाड़िया जोड़ के समीप जमीन आवंटित हो गई है, लेकिन भवन बनाने का काम अब तक चालू नहीं हुआ है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र राठौर ने बताया की थाना परिसर में नया भवन बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही शुभारंभ होते ही पुराने भवन से नए भवन में थाना शिफ्ट हो जाएगा।

### 6 मार्च से शुरू होगा रुद्र महायज्ञ, तैयारी शुरू

**श्यामपुर।** श्यामपुर में पशुपतिनाथ पिपलेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्यामपुर नगर में श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्राम देवता, खेड़ापतिसरकार व श्री संतशिरोमणि नामदेव महाराज की कृपा से किया जाएगा। 6 मार्च को सुबह 9 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। पूर्ण आहुति और प्रसादी वितरण 9 मार्च प्रातः 11 से 3 तक किया जाएगा। आयोजक समिति ने सभी भक्तजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## वाहन की टक्कर से घायल गाय का किया उपचार, गौशाला छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दुपाड़िया, मालीखेड़ी बायपास जोड़ पर वाहन की टक्कर से एक गाय गम्भीर रूप से घायल हो गई!जिसकी सूचना गौ रक्षक और विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के सदस्यो को मिली तो तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर पशु चिकित्सालय आष्टा प्रभारी उदय माहेश्वरी और इनके सहयोगी विवेक भावसार को सुचना देकर बुलाया !लिहाजा तत्काल सूचना मिलने पर डॉक्टर उदय माहेश्वरी अपने सहयोगी विवेक भावसार के साथ पहुंचे और वाहन की टक्कर से घायल गाय का उचित उपचार किया,!उपचार के बाद केवखेड़ी निवासी ग्रामीण देव जी मेवाड़ा ने अपने ट्रेक्टर से घायल गाय को दुपाड़िया मालीखेडी जोड़ से नगर की मुक्तिधाम स्थित गौशाला में छोड़ा!जहां गौशाला समिती द्वारा उक्त घायल गाय की देख भाल की जायेगी!इस दौरान विश्व हिंदू परिषद सदस्य, बजरंग दल के विपिन जैन, कालु सोनी, राम वर्मा रवि बागवान, कृष्ण पाल, सोनू मालवीय ,अभिषेक मालवी, रोहन सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

# पुष्प विद्यालय में आयोजित किया नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सामाजिक समरसता और समाज सेवा के उद्देश्य को लेकर नगर में दशको से संचालित सर्वधर्म समिति द्वारा आगामी महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को केन्द्र में रखकर पुष्प विद्यालय में आनंदम नेत्रालय के सहयोग से संस्था की अध्यक्षा डॉ. मीना सिंगी के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया साथ ही मरणोपरान्त नेत्रदान के लिये लोगो को प्रेरित करते हुये नेत्रदान की उनकी घोषणा के लिये सहमति फार्म की भरे गये।

शिविर में 100 से अधिक लोगो का नेत्र परीक्षण हुआ तथा 20 से अधिक लोगो नें नेत्रदान के लिये सहमति फार्म भरे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन और माल्यार्पण नगर के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. अतुल उपाध्याय, संस्था के संरक्षक तथा सेमनरी के रेक्टर फादर फ्रांसिस स्कारियों, पुष्प विद्यालय के प्राचार्य फादर मैल्विन सीजे, संस्था की वर्तमान अध्यक्षा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा डॉ. मीना सिंगी, पत्रकार किरण रांका, यूनानी चिकित्सक डॉ. शायनी अंजुम तथा आयोजन प्रभारी कवि अतुल जैन सुराणा द्वारा करके आयोजन का मार्ग प्रशस्त किया गया। इसके पश्चात पुष्पमाला, शॉल एवं श्रीफल के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन में सम्मिलित सभी महिलाओं का पुष्पमाला के साथ स्वागत अध्यक्षा मीना सिंगी द्वारा किया गया एवं अपने स्वागत भाषण में उन्होंने संस्था की जानकारी देते हुये सभी अतिथियों का शब्दो के माध्यम से स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में डॉ. अतुल उपाध्याय नें नेत्रदान के महत्व को बताते हुये इससे जुड़ी कई भ्रांतियों का दूर करते हुये सभी को नेत्रदान के लिये प्रेरित किया। फादर फ्रांसिस स्कारियो ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में इस आयोजन की सराहना करते हुये संस्था की कार्यकारिणी को बधाई दी और निरंतर इस प्रकार के आयोजन के लिये मार्गदर्शित किया। आयोजन का संचालन कर रहे कवि अतुल जैन सुराणा नें सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नेक काम के लिये किसी एक व्यक्ति या संस्था का केवल एक कदम आगे बढ़ाना आवश्यक है इसके बाद अपने आप की कारवां बनता जाता है।

समाज में नेकदिल लोगो की कमी नहीं हैं। आयोजन में बिन्दु सोनी का विशेष सहयोग रहा साथ ही आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय वेश्य महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बेला मूंदड़ा सहित रिंकू वोहरा, सपना सुराणा, अंकिता वोहरा, गिरजेश कुशवाह, निर्मला कुशवाह, बबली कुशवाह, पिंकी पोरवाल, रानी मूंदड़ा, पार्वती सोनी, कविता कामरिया आदि मातृ शक्तियों की ऊर्जावान उपस्थिति रही एवं विनीत सिंगी, दीपक कंचन, गणेश सोनी, राकेश बेरागी, विकास तिवारी तथा सेमनरी के ब्रदर्स की टीम की उपस्थिति नें आयोजन को गरिमा प्रदान की।

# अटल कॉलोनी में बनेगा पार्क, जनप्रतिनिधियों ने किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता पार्टी छोटे व मध्यम वर्ग के परिवारजनों की चिंता करती है, भाजपा ने हमेशा से ही गरीब, बेसहारो की चिंता करते हुए उनके उज्वल भविष्य की चिंता की है और उसी अनुरूप कार्य भी सम्पूर्ण देश मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार तेजी से काम कर रही है. अनेक वर्षो के इन्तजार के बाद आष्टा नगर सरकार भाजपा की बनी है, अब विकास के लिए एक नहीं डबल इंजन की सरकार है, निश्चित ही हम अपने नगर का नाम और विकसित शहरों की श्रृंखला मे दर्ज करने मे हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अटल कालोनी मे पार्क और सीसी रोड़ निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए. भूमिपूजन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं वार्ड पार्षद रवि शर्मा के विशेष आतिथ्य मे संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि अटल कालोनी मे मुख्यतः गरीब बेसहारा लोग बड़ी संख्या मे निवास करते है और यह सब संभव भी प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण ही हुआ है, कालोनी मे निवासरत नागरिको कि सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नगरपालिका ने कालोनी मे व्यवस्थित पार्क बनाने का निर्णय लिया था, जिसका आज भूमिपूजन संपन्न हुआ है जो शीघ्र ही लगभग 65 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा। इसी क्रम मे हमारे नगर के नागरिक स्विमिंग पुल की कमी होने से अन्यत्र मनोरंजन के लिए जाते थे, किन्तु यह सुविधा भी नगरपालिका ने नागरिको के मनोरंजन के लिए पूरी की है. नागरिकगण आसानी के साथ स्विमिंग पुल तक बिना किसी रोकथाम के पहुंच सके इसके लिए अटल कालोनी से लेकर स्विमिंग पुल तक लगभग 55 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ है जो शीघ्र ही पूर्ण होगा और उसका नागरिकगण लाभ भी उठाएंगे। भूमिपूजन अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, सीएमओ राजेश सक्सेना, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, कृपालसिंह पटाडा, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, संध्या बजाज, पार्षदगण डॉ सलीम खान, कमलेश जैन, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, मेहमूद अंसारी, आरिस अली, अतीक कुरैशी, सुभाष नामदेव, संजीव सोनी पांचम, उपयंत्री पीके साहू, आशुतोष शर्मा, डॉ महेश मेवाड़ा, रुपाली चौरसिया, भगवती सोनी सहित बड़ी संख्या मे नागरिकगण मौजूद थे।

### प्रभु प्रेमी संघ ने सत्संग में घोला फाग का रंग, जमकर झूमे शिव भक्त

# ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत विद्यासागर जी महाराज को दी विनयांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के मध्य स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के धर्म सभागार में बीते रविवार को प्रभु प्रेमी संघ का भव्य मासिक सत्संग सम्पन्न हुआ। भजन गायन , मंत्रोच्चारण , गुरु स्मरण के साथ ही प्रभु श्रीराम की भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम में फाग गायन और फूलों की होली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विगत दिवस सल्लेखना पूर्वक समाधिस्थ हुए राष्ट्र संत दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजलि दी गयी ।जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ का मासिक सत्संग विगत 16 वर्षों से नगर में आयोजित किया जा रहा है । गुरु और गोविंद भक्ति के इस नियमित कार्यक्रम में योग और अध्यात्म पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।

रविवार को परम गुरु भक्त मधुसूदन सोनी डिगोड़ा परिवार ने मासिक सत्संग का आयोजन किया था। कार्यक्रम में शास्त्रीय भजन गायक राम श्री वादी ने अपने स्वरचित भजन जय जय भोले भंडारी तेरा रूप निराला से भक्ति रस बिखेरा। नर्मदा प्रसाद मालवीय ने ₹आओ सखी मेहंदी लगाए₹ सुना कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया वही गणेश राठौर ने अडिग श्रद्धा से सराबोर गीत ₹जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए ₹ प्रस्तुत किया । रजनी सोनी ने मेरे मन मे राम तन में राम रोम -रोम में राम रे सुनाया जिस पर महिला श्रद्धालुओं ने नृत्य भक्ति की ।सदैव की तरह उपस्थित प्रभु प्रेमी जन ने ॐ नाद के साथ गायत्री मंत्र, महा मृत्युंजय मंत्र ,गुरु मंत्र के उच्चारण के उपरांत हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। सभी भक्तों ने क्रमानुसार गुरु पादुका पूजन करके आरती में भाग लिया अंत मे प्रसादी वितरण की गई सत्संग आयोजक मधुसूदन सोनी, राहुल सोनी , प्रवीण सोनी ने सभी प्रभु प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया।